बस से कुचलकर मजदूर की मौत, सड़क जाम

नवादा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नहर के समीप रविवार को तेज रफ्तार सरकारी बस की टक्कर से 40 वर्षीय मजदूर मुरारी पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक मूल रूप से बेगूसराय जिले के रहने वाले थे। वह परिवार का भरण-पोषण करने के लिए नवादा में रहकर एक बोरा फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। रविवार को भदौखर से फैक्ट्री जाने के दौरान पटना की ओर जा रही एक सरकारी बस ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुरारी पासवान अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर बस चालक पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लापता छोटू मांझी मोकामा में सकुशल बरामद

नवादा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लापता युवक छोटू मांझी को तीन दिनों के अंदर मोकामा से सकुशल बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार, छोटू मांझी नवादा के प्रसाद बिगहा में बिपीन सिंह के मकान में रहता था। उसके लापता होने के बाद परिजन काफी परेशान थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सक्रियता से तलाश शुरू की और कार्रवाई करते हुए युवक को मोकामा से सुरक्षित बरामद कर लिया। युवक की सकुशल बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

चोरी की बाइक से शराब तस्करी करते पकड़ाया

नवादा। जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धमौल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक और करीब 9 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। बताया जा रहा है कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल शराब की तस्करी के लिए कर रहा था। पुलिस ने बाइक और शराब को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नवादा पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा है।

बाइक पर लदी महुआ शराब बरामद

सिरदला (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र के रजवारिया ढाब से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बाइक पर लदी 250 लीटर महुआ शराब बरामद की है। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही शराब का धंधेबाज बाइक और शराब छोड़कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से बाइक पर लदी महुआ शराब जब्त की। इसके बाद बरामद शराब और बाइक को थाना परिसर लाया गया। पुलिस फरार धंधेबाज की पहचान करने में जुटी है। इस मामले में सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का पता लगाया जा रहा है।

पर्व-त्योहार को लेकर थाना में हुई गुंडा एवं दागी परेड

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। आगामी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को अकबरपुर थाना परिसर में गुंडा एवं दागी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के चिह्नित गुंडा एवं दागी व्यक्तियों को थाना पर बुलाकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई। साथ ही उन्हें पर्व-त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने से दूर रहने का निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने परेड में शामिल लोगों को स्पष्ट रूप से हिदायत देते हुए कहा कि पर्व-त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं। ऐसे अवसरों पर किसी भी तरह का हुड़दंग, विवाद, मारपीट या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लोग कानून का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अशांति फैलाने में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पूरी तरह सतर्क है। थानाध्यक्ष ने सभी से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

ठोकर पर सफेद लाइन नहीं होने से दुर्घटना का खतरा, राहगीर परेशान

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना थाना गेट के समीप सड़क पर बने ठोकर पर सफेद लाइन नहीं होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर बने ठोकर पर सफेद रंग का निशान नहीं होने से तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन चालकों को इसकी जानकारी समय पर नहीं मिल पाती है। खासकर रात के अंधेरे में और तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों को ठोकर दिखाई नहीं देने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके कारण कई दोपहिया वाहन चालक अचानक ठोकर आने से संतुलन खोकर गिर चुके हैं और जख्मी भी हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठोकर पर सफेद रंग की पट्टी नहीं होने से आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ पुलिसकर्मियों ने भी ठोकर पर सफेद लाइन लगाने की मांग की है, ताकि वाहन चालकों को दूर से ही ठोकर दिखाई दे और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव की मां के निधन पर समाजसेवियों ने जताया शोक

कौआकोल (नवादा) (संसू)। पूर्व राज्यमंत्री राजबल्लभ यादव की माता, नवादा की विधायक विभा देवी की सास एवं विधान पार्षद अशोक यादव की दादी ललिता देवी के निधन से लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष हरि किशोर यादव, मंच के कोषाध्यक्ष बिपीन यादव, पूर्व मुखिया डा. चंद्रिका प्रसाद, समाजसेवी सम्राट विकास यादव एवं कौआकोल पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य नीतीश राज सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं। शोक व्यक्त करते हुए इन लोगों ने कहा कि ललिता देवी का निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र में एक ऐसी कमी उत्पन्न हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल बनाए रखने की ईश्वर से कामना की है।

सीओ के जनता दरबार में चार मामलों का निष्पादन

सिरदला (नवादा) (संसू)। प्रखंड स्थित अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी प्रेम आनंद प्रसाद की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों एवं गांवों से अपनी जमीनी



संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के कुल चार आवेदन प्राप्त हुए। अंचलाधिकारी ने संबंधित पक्षों के दस्तावेजों एवं उपलब्ध अभिलेखों का गहन अवलोकन करते हुए दोनों पक्षों की बात सुनी। सुनवाई के दौरान चार मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पादन कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर सिरदला थाना के पुलिसकर्मी , अंचल कार्यालय के नाजिर निवाश कुमार,नवीन कुमार सहित दर्जनों फरियादी एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, सड़क जाम

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। थाना क्षेत्र के दोसूत गांव निवासी स्वर्गीय रणजीत सिंह उर्फ हरे रामसिंह का 28 वर्षीय दुर्घटना में घायल पुत्र वरुण कुमार का शनिवार को विम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे गुस्साए गांव वासियों ने मृतक के शव नवादा सिकंदरा पथ पर रखकर एक घंटा से अधिक समय तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।



सूचना बाद पहुंची पुलिस व स्थानीय बुद्धिजीवियों द्वारा समझने के बाद जाम हटा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक 29 अक्टूबर की सुबह दोसुत मोड़ स्थित खेत देखने गया था। उसी दौरान सड़क पार कर रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। घटना बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से जख्मी युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

पावापुरी स्थित वीम्स इलाज चल रहा था जहा शनिवार की देर रात्रि दम तोड़ दिया। घटना से गुस्साये ग्रामीणों द्वारा रविवार की सुबह मृतक के शव को नवादा सिकंदरा पथ पर रखकर सड़क जाम कर आरोपी वहान को पकड़ने की मांग करते हुए सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची वारिसलीगंज पुलिस व स्थानीय बुद्धिजीवियों के समझाने और सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक मदद दिलाने के आश्वासन बाद सड़क जाम हटा लिया गया। युवक की असमय मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना बाद शोक का माहौल है। इस संबंध में मृतक के चचेरा भाई मदन मोहन कुमार के द्वारा अज्ञात वाहन के द्वारा दुर्घटना कर देने की प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई है।

आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन और उसके चालक की पहचान करने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

खेल महोत्सव में घोड़े की रेस बनी आकर्षण

नवादा। सदर प्रखंड के केना सराय पंचायत स्थित स्व. अखिलेश यादव खेल मैदान पथरा सलुगंज़ में आयोजित स्व. अखिलेश यादव खेल महोत्सव के प्रथम दिन आज काफी गहमा गहमी रहा। बालक एवं बालिका वर्ग के सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल के साथ साथ नगद राशि का पुरस्कार भी प्राप्त किया। आज के खेल का मुख्य आकर्षण नवादा के इतिहास में पहलीबार घोड़े का रेस रहा जिसमें दर्जनों प्रतिभागी घोड़े भिन्न भिन्न राउंड में दौड़ लगाए।

आज के कार्यक्रम का उद्घाटन सदर पंचायत के मुखिया नीतीश कुमार राणा ने फीता काट कर किया जबकि निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और रेफरी शामिल हुए। दर्शकों से भरे विशाल खेल मैदान में 800 मीटर दौड़ के लिए सचिन कुमार, पंकज कुमार, चंदन कुमार ने बालक वर्ग के सीनियर और जूनियर ग्रुप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया जबकि नंदनी कुमारी बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त की।

उसी प्रकार नवीन कुमार, मधु कुमारी, सचिन कुमार, प्रियंका कुमारी, अभिषेक कुमार ने 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। घोड़ा रेस में उत्तम कुमार, अनुराग कुमार, और गोरेलाल यादव ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल पर कब्जा कर लिया। विजेता खिलाड़ियों को प्रत्येक खेल के लिए गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल के अलावे नकद राशि का इनाम भी प्रदान किया गया। गौरतलब है कि स्व. अखिलेश यादव खेल महोत्सव 1 नवंबर से 10 नवंबर तक चलेगा जिसमें दंगल, फुटबॉल, कबड्डी इत्यादि भी शामिल है। ये संपूर्ण आयोजन पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से हो रहा है।

गिरियक में होगा अखिल भारतीय पासी समाज का विराट सम्मेलन, तैयारी को लेकर बैठक

नवादा। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा जिले के गिरियक में अखिल भारतीय पासी समाज के बैनर तले विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी लेकर



रविवार को गिरियक प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र चौधरी की अध्यक्षता बैठक आयोजित की गई,जिसका संचालन नवादा जिले के समाजसेवी कृष्णा चौधरी उर्फ पड़कन ने किया। बैठक में नवादा, नालंदा, पटना समेत आसपास के जिलों के समाज के लोग शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में समाज के लोगों ने सम्मेलन को विराट और ऐतिहासिक बनाने को लेकर रणनीति बनाई। समाज के वक्ता पड़कन चौधरी ने कहा कि यह सम्मेलन पूरे बिहार के पासी समाज को एक मंच पर लाने का काम करेगा। इसमें पूरे बिहार से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। सम्मेलन में समाज की एकता, सामाजिक उत्थान, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान गिरियक स्थित पासी स्थान के विकास और उसके महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पासी समाज का यह स्थान गौरव का प्रतीक है और इसके संरक्षण व विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक में उपस्थित देवकी चौधरी, अजीत कुमार चौधरी, पूर्व मुखिया अनुज चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, देवनंदन चौधरी, चन्द्रभूषण चौधरी, उपेंद्र चौधरी, पप्पु चौधरी, भीम चौधरी, रामभजु चौधरी, बनारस चौधरी, पप्पु चौधरी, सतेंद्र चौधरी, रामाशीष चौधरी आदी लोगों ने कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया।

टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल की नयी शाखा का शुभारंभ

नवादा। जिले के गोनावां में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल की नई शाखा का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर



में विधिवत श्री सत्यनारायण स्वामी की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया तथा विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की कामना की गई।

इस शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय सदस्य जितेंद्र प्रताप (जीतू) एवं कैलाश विश्वकर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के नए परिसर के शुभारंभ पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं तथा शिक्षा के क्षेत्र में इस नई पहल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा नए परिसर की स्थापना का उद्देश्य गोनावां एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों पर निर्भर न रहना पड़े।

विद्यालय के निदेशक आदित्य शेखर ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी होना चाहिए। टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल इसी सोच के साथ विद्यार्थियों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मूल उद्देश्य प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानना, उसकी क्षमता को निखारना तथा उसे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और मंत्री श्रेयसी सिंह ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

अकबरपुर (नवादा) (संसू)। सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर निकली सेवा संकल्प यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अकबरपुर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौतम सोनी उर्फ लल्ला को रविवार को पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं मंत्री श्रेयसी सिंह ने उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की। इस सम्मान से अकबरपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा मोर्चा में उत्साह का माहौल है।

सेवा संकल्प यात्रा में गौतम सोनी की सक्रिय भूमिका और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रदेश प्रचारक अनिकेत झा, आनंद



शंकर, आनंद शेखर समेत युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद गौतम सोनी ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि अकबरपुर के उन तमाम युवा कार्यकर्ताओं का सम्मान है, जो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ काम करता है। पार्टी ने जो विश्वास और सम्मान दिया है, उसे वे और अधिक मेहनत, ईमानदारी तथा समर्पण के साथ निभाएंगे। युवाओं को संगठन से जोड़कर राष्ट्रहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। गौतम सोनी ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक ऊर्जा एवं उत्साह के साथ संगठन की मजबूती के लिए काम करने की प्रेरणा देगा।

जीवनलाल चंद्रवंशी को जमुई जिले का प्रभारी बनाए जाने पर जदयू नेताओं ने दी बधाई

नवादा। बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न जिलों का कार्यक्रम प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस क्रम में नवादा जिले के वरिष्ठ जदयू नेता, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश नेता एवं पूर्व जिला पार्षद जीवनलाल चंद्रवंशी को जमुई जिले का प्रभारी मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर नवादा जिला जदयू परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी नेताओं ने इस जिम्मेदारी के लिए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के नवनिर्माण के शिल्पकार नीतीश कुमार तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। वहीं, जमुई के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री सुमित कुमार को नवादा जिले का प्रभारी बनाए जाने पर जिला जदयू नेताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। नेताओं ने विश्वास जताया कि दोनों नेताओं के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में जिला जदयू अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोरी सिंह, तन्ने पठान, मीडिया प्रभारी मनोरंजन सिंह उर्फ लड्डू, अनवर भट्ट, प्रोफेसर प्रमिला कुमारी, सज्जादानंद सिंह, राजीव रंजन, अनिल कुमार मंडल, राजा भट्ट, मंजू कुमारी चंद्रवंशी, अरुण कुमार रंजन, हीरालाल चौहान, हीरा शाह, आनंदी सिंह, प्रेम सिंह, मनोज वर्मा, अनिरुद्ध प्रसाद, शंभू ठाकुर, बिंदु देवी, विनोद चौधरी, रामाश्रय प्रसाद विश्वकर्मा, अर्जुन चंद देशप्रेमी, रामजन्म कानू, रामरतन सिंह, नरेंद्र प्रसाद, अजय रावत, कंचन साहू, राजेंद्र राजवंशी, राजेंद्र राम, श्याम बिहारी राजवंशी, बंगाली राजवंशी, मुकेश भारती सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एवं नेता शामिल हैं।

स्वदेश भट्टाचार्य के निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

कौआकोल (नवादा) (संसू)। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य के निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वदेश भट्टाचार्य का निधन पार्टी और वामपंथी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसंघर्ष, सामाजिक न्याय और मजदूर-किसानों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया।

उनके विचार, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण हमेशा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते रहेंगे। मौके पर मंटू कुमार, दशरथ प्रसाद, रामबालक रविदास, रामविलास रविदास आदि मौजूद रहे।

श्रीराम मर्यादा तो भरत त्याग के आदर्श : प्रभंजनानंद

नवादा। श्रीराम मर्यादा के आदर्श हैं, तो भरत त्याग और समर्पण के अनुपम आदर्श हैं। जिनके हृदय में भरत जैसा प्रेम और जीवन में भरत जैसा त्याग हो, उनके रिश्ते कभी स्वार्थ के मोहताज नहीं होते। ये बातें स्वामी प्रभंजनानंद ने रामकथा में कही। धनवान होना बड़ी बात नहीं, दिल से उदार होना बड़ी बात है। सिंहासन पर बैठना बड़ी बात नहीं, जिम्मेदारी निभाना बड़ी बात है। किसी से प्रेम करना बड़ी बात नहीं, उसके सम्मान के लिए अपना स्वार्थ त्याग देना सबसे बड़ी बात है। भक्ति केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि अपने अहंकार को मिटाकर प्रेम, सेवा और सदाचार अपनाना है। परिवार में प्रेम हो तो त्याग भी आनंद बन जाता है। भरत का जीवन बताता है कि परिवार की एकता स्वार्थ से नहीं, त्याग, विश्वास और सम्मान से बनी रहती है। न संदेश- सच्चा संबंध दूरी से कमजोर नहीं



होता। विश्वास और निष्ठा हो तो अनुपस्थिति में भी प्रेम जीवित रहता है। सेवा में स्वार्थ नहीं, कर्तव्य होना चाहिए। भरत ने स्वयं को राजा नहीं, प्रभु श्रीराम का सेवक माना। पद मिलने पर अहंकारी नहीं, जिम्मेदार बनिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य को महत्व दीजिए। रिश्तों में जीतने की नहीं, रिश्तों को बचाने की भावना रखिए। सच्चा प्रेम किसी पर अधिकार नहीं जमाता, बल्कि उसके सम्मान और सुख के लिए अपना स्वार्थ त्याग देता है।

असमय बारिश से फसलों को नुकसान, किसान बेहाल

कौआकोल (नवादा) (संसू)। चक्रवात के प्रभाव से बुधवार से लगातार रुक-रुककर हो रही असामयिक बारिश से फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। फसलों की बर्बादी देख किसानों की छाती फटने लगी है। मौसम के बदले मिजाज और लगातार हो रही बारिश से खेतों में लगी विभिन्न फसलों में पानी का जमाव हो गया है। जिससे उन फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। बारिश धान की तैयार फसल एवं कटे हुए धान की काफी बर्बादी हो रही है। किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराने की आशंका पैदा हो गई है। खासकर आलू की खेती की तैयारी में जुटे किसानों के साथ धान की तैयार फसल और खेतों में लगी दलहन एवं तिलहन की फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र के किसानों के अनुसार, इस समय खेती-किसानी के लिहाज से मौसम काफी महत्वपूर्ण है।

समाजसेवी दंपती की पुण्यतिथि पर 351 जरूरतमंदों को मिला कंबल-भोजन

नवादा। हिसुआ के कचहरी रोड में समाजसेवी कृष्णा प्रसाद और उनकी पत्नी ललिता देवी की पुण्यतिथि सेवा और समर्पण के साथ मनाई गई। पुण्य स्मृति कार्यक्रम का संयोजन उनके पुत्र संजय कुमार ने किया, जबकि उनके भाई राकेश कुमार, पप्पू कुमार और डॉ. रौशन कुमार ने अतिथियों के साथ मिलकर जरूरतमंदों की सेवा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिसुआ विधायक अनिल सिंह पहुंचे। उन्होंने दिवंगत दंपती के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा कि माता-पिता को याद कर गरीबों की



सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है।

351 लोगों को मिला सहारा

पुण्यतिथि के अवसर पर 351 जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। साथ ही सामूहिक भोजन और भोजन पैकेट का वितरण किया गया।

आयोजन में आए लोगों ने इसे प्रेम, करुणा और अपनत्व का संदेश बताया। मंच संचालन वरीय समाजसेवी श्रवण बरनवाल ने किया। इस दौरान पत्रकारों, वरीय नागरिकों और समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में हिसुआ के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अनुमंडलीय अग्निशमन कार्यालय में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

रजौली (नवादा) (आससे)। अनुमंडलीय अग्निशमन कार्यालय परिसर में जिला अग्निशमन पदाधिकारी ममता कुमारी के कुशल निर्देशन में शनिवार की शाम राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत संध्या 5:30 बजे प्रोजेक्टर स्क्रीन और इंटरनेट की व्यवस्था कर एकता नगर गुजरात से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित %एकता परेड 2026% का सीधा प्रसारण उपस्थित जनसमूह को दिखाया गया, ताकि बच्चों और युवाओं को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित सभी अग्निशमन सेवा के लोगों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर हाथ आगे कर शपथ की मुद्रा में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ ली।